# अध्याय - 2 | मधु कांकरिया

## QUIZ-01

1. जितेन ने यूमथांग घाटी में किस फिल्म की शूटिंग होने की बात कही है?
   A. बरसात
   B. फूल खिले हैं गुलशन-गुलशन
   C. गाइड
   D. एक फूल दो माली (C)

*व्याख्या :* जितेन ने बताया कि फिल्म 'गाइड' की शूटिंग यूमथांग घाटी में हुई थी।

2. रहस्यमयी तारों भरी रात लेखिका के मन में क्या जगा रही थी?
   A. आशा
   B. सम्मोहन
   C. प्यार
   D. आदर (B)

*व्याख्या :* तारों भरी रात ने लेखिका के मन में सम्मोहन उत्पन्न कर दिया।

3. 'कटाओ' पर दुकान होने से इस सुंदर घाटी को क्या नुकसान होता?
   A. यहाँ के लोगों का जीवन अशांत हो जाता
   B. यहाँ का नैसर्गिक सौंदर्य नष्ट हो जाता
   C. यहाँ के लोग बाहरी वस्तुएँ खरीदने लगते
   D. यहाँ भू-माफियों का कब्जा हो जाता (B)

*व्याख्या :* दुकानों की वजह से नैसर्गिक सौंदर्य नष्ट होने की आशंका जताई गई है।

4. 'साना-साना हाथ जोड़ि' पाठ में किस शहर के सौंदर्य का वर्णन है?
   A. महाबलेश्वर
   B. गंगटोक
   C. अगरतला
   D. गुवाहटी (B)

*व्याख्या :* इस यात्रा वृत्तांत में गंगटोक के सौंदर्य का सुंदर वर्णन किया गया है।

5. "गंतोक' का क्या अर्थ है?
   A. घाटी
   B. पत्थर
   C. जंगल
   D. पहाड़ (D)

*व्याख्या :* 'गंतोक' शब्द का अर्थ है — पहाड़।

6. लेखिका के ड्राइवर व गाइड का क्या नाम था?
   A. एन.के. संगमा
   B. एस. करियप्पा
   C. जितेन नार्गे
   D. शेर बहादुर (C)

*व्याख्या :* लेखिका का गाइड और ड्राइवर जितेन नार्गे था।

7. आसमान उलटा पड़ा हुआ क्यों दिखाई दे रहा था?
   A. लेखिका को भ्रम हो गया था
   B. पानी में पड़ रहे प्रतिबिंब के कारण
   C. पर्वत से गंगटोक की लाइटें तारों जैसी लग रही थीं
   D. आकाश के स्वच्छ हो जाने से (C)

*व्याख्या :* पर्वत से गंगटोक की लाइटें तारों जैसी लग रही थीं जिससे ऐसा आभास हुआ।

8. देखते ही देखते रास्ते किसकी तरह घुमावदार होने लगे?
   A. नदी की तरह
   B. रस्सी की तरह
   C. जलेबी की तरह
   D. साँप की तरह (C)

*व्याख्या :* रास्तों की जलेबी की तरह घुमावदार बनावट का वर्णन किया गया है।

9. 'साना-साना हाथ जोड़ि' पाठ में किस शहर के सौंदर्य का वर्णन है?
   A. अगरतला
   B. गुवाहटी
   C. महाबलेश्वर
   D. गंगटोक (D)

*व्याख्या :* यह गंगटोक पर केंद्रित यात्रा वृतांत है।

10. यूमथांग घाटी की क्या विशेषता है?
    A. यहाँ बड़े-बड़े मैदान हैं
    B. यह घाटी फूलों से भर जाती है
    C. यह खतरनाक घाटी है
    D. यह घाटी बहुत गहरी है (B)

*व्याख्या :* यूमथांग घाटी फूलों से भर जाने के लिए प्रसिद्ध है।

मिशन ज्ञान
पढ़ें: जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES